BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक-16.02.2025**

◆राहगिरों से मोबाईल छिनैती करने वाले दो शातिर अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

◆थाना ज्ञानपुर की दो पुलिस टीमों को मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆अभियुक्तों के कब्जे से मोबाइल झपट्टामारी की दो अलग-अलग घटनाओं से सम्बन्धित दो अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन (रियलमी व ओप्पो कम्पनी) तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद

◆थाना ज्ञानपुर अंतर्गत राहगीरों से मोबाईल छिनैती की दो घटनाओं का सफल अनावरण

◆मोबाइलों को बिक्री करने के थे फिराक में

◆गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की, की जा रही जांच

दिनांक-12.02.2024 को श्री दीपक कुमार सिंह निवासी भुड़की थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर पर सूचना दिया गया कि पुरानी बाजार के पास मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति द्वारा झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया गया। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-27/2025 धारा-134 बी.एन.एस. का अभियोग एवं दिनांक-15.02.2025 को श्री दिनेश यादव निवासी पुरेरजा थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि पूरेरजा के पास मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति द्वारा झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया गया। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-32/2025 धारा-134 बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उपरोक्त घटनाओं के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-16.02.2025 को थानाध्यक्ष ज्ञानपुर के नेतृत्व में गठित दो अलग-अलग पुलिस टीमों मुखबिरी सूचना के आधार पर उपरोक्त मोबाइल झपट्टामारी की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों क्रमशः घोपइला मंदिर के पास से अभियुक्त सैयद अली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी आदमपुर थाना विंध्याचल जनपद भदोही उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से मल्टीमीडिया मोबाइल फोन रियलमी कम्पनी व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल तथा सिंहपुर नहर पुलिया ग्राम बड़वापुर मार्ग से अभियुक्त शिवा पुत्र इंद्रमणि निवासी सायर थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर मल्टीमीडिया मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी बरामद किया गया।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मोबाइल झपट्टामारी की दो घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए पंजीकृत अभियोगों में धारा-317(2) बी.एन.एस. की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता-

1.सैयद अली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी आदमपुर थाना विंध्याचल जनपद भदोही उम्र करीब 23 वर्ष

2.शिवा पुत्र इंद्रमणि निवासी सायर थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 19 वर्ष

यह हुई बरामदगी-

मोबाइल झपट्टामारी की दो घटनाओं से संबंधित दो अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन (रियलमी ओप्पो कंपनी) व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-

उ0नि0 विष्णु प्रभा सिंह थानाध्यक्ष ज्ञानपुर उ0नि0 रणजीत सिंह, उ0नि0 होरीलाल, आरक्षी मनीष कुमार व आरक्षी अमित कुमार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही